# विजेन्द्र सिंह गुलाबबाडी हत्याकांड मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी सुल्तान गुर्जर पर पुलिस ने 25 हजार रु. का इनाम घोषित कर रखा था

**जयपुर** (कासं)। करधनी पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पश्चिम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विजेन्द्र सिंह गुलाबबाडी हत्याकांड मामले में पिछले दो साल दस माह से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित को पकडा है। वहीं इस मामले में पूर्व में 16 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना पुलिस और डीएसटी पश्चिम ने 10 नवम्बर 2022 को विजेन्द्र सिंह गुलाबबाडी की हत्या के मामले में दो साल दस माह से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित सुल्तान गुर्जर निवासी भांकरोटा हाल कलवाडा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में शिवराज सिंह



करधनी पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने विजेन्द्र सिंह गुलाबबाडी हत्याकांड मामले में पौने 3 साल से फरार आरोपी को दबोचा।

जूसरिया,जितेन्द्र हुलदानी,सागर सिंह, रविन्द्र खानडी सहित 16 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में सुल्तान गुर्जर फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम की ओर से आरोपित की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार

- **इस हत्याकांड के बाद पिछले 2 साल 10 माह से फरार था आरोपी सुल्तान**

रुपये का इनामी घोषित किया था।

गौरतलब है कि 10 नवम्बर 2022 को विजेन्द्र सिंह गुलाबबाडी पर बोलेरो में सवार होकर आए आरोपित जितेन्द्र हुलदानी, सागर सिंह, रविन्द्र खानडी सहित अन्य लोगों ने मिलकर के जान से मारने के लिए हमला किया था। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# नारी सशक्तिकरण व बाल अधिकारों पर हुआ मंथन


**जयपुर** । महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों से निपटने के लिए, सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीडीटीआई) जयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, राजस्थान सरकार और एएचटीयू, राजस्थान पुलिस की नागरिक अधिकार शाखा के सहयोग से दो दिवसीय इंटर एजेंसी स्टेट कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विषय न्यू क्रिमिनल लॉ और अन्य कानूनों में महिला एवं बच्चों से संबंधित प्रावधान व मिशन वात्सल्य की भूमिका था, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

सीडीटीआई के निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। पहले दिन सुश्री श्वेता धनखड़, आईपीएस, डीआईजीपी (नागरिक अधिकार), पीएचक्यू, जयपुर, इस अवसर पर सम्मानित मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रही, डॉ. राजीव सोनी ने एनसीएल (नवीन आपराधिक कानून) और अन्य कानूनों में महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रावधानों पर प्रकाश डाला। इसके बाद चंद्रकिरण चोकर, संयुक्त निदेशक, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने वात्सल्य पोर्टल की जानकारी और उसकी कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की। दूसरे दिन महिला सशक्तिकरण योजनाओं और नीतियों पर उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग जयपुर डॉ. जगदीश प्रसाद ने अपना संबोधन दिया, जबकि मोहम्मद जुनैद उल इस्लाम,, सलाहकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ,नई दिल्ली ने बाल अधिकारों, जेजे एक्ट 2015 और मिशन वात्सल्य पर बात की। मिस रीमा सैनी, डायरेक्टर साइबरवीर फाउंडेशन ने साइबर सुरक्षा और महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के बारे में जानकारी दी।

कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बीपीआर एन्ड डी और सीडीटीआई की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग से हुई। इसके बाद डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने सभी का स्वागत किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि मालिनी अग्रवाल आईपीएस, डायरेक्टर जनरल, सिविल राइट्स, राजस्थान ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अपराधों की रोकथाम में अंतर-एजेंसी समन्वय के महत्व पर जोर दिया।

# यू.ई.एम. जयपुर का वार्षिक टेकफेस्ट आयोजित हुआ





**जयपुर** । यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर ने 13-14 सितंबर को अपने विश्वविद्यालय परिसर में अपने प्रमुख वार्षिक प्रौद्योगिकी महोत्सव, टेकयूटोपिया 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न विभागों के 800 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवाचार, तकनीकी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस महोत्सव का उद्घाटन शिक्षा जगत, उद्योग जगत और पूर्व छात्रों जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में डॉ. पी. वी. रमना, एसोसिएट प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग, एमएनआईटी जयपुर, डॉ. राजीव अग्रवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, एमएनआईटी जयपुर, दिनेश कुमार और ओम प्रकाश स्वामी, निदेशक, यूबाय टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, विवेक चतुर्वेदी, संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी, विधिमा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. नवीन कुमार शर्मा, सह-संस्थापक एवं मुख्य सूचना अधिकारी, ग्रीनफिंच ग्लोबल कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, तरुण व्यास, सीईओ, हेल्पफुल इनसाइट प्राइवेट लिमिटेड, विवेक शर्मा, सह-संस्थापक, प्रोविस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, फ्रेडी जोसेफ डब्लू., वरिष्ठ व्यवसाय प्रबंधक - शिक्षा एवं शैक्षणिक, एसएएस, मोहम्मद खालिद, व्यवसाय विकास प्रबंधक, यूबाय टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड, अभिनबा गोस्वामी, पूर्व छात्र (बी.टेक-ईसीई, 2017-21), यूईएम जयपुर शामिल हुए। दो दिनों में विविध तकनीकी और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जैसे डेथ रेस, रोबो सॉकर, प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, हैकफिट, कैप्चर द फ्लैग, जेनरेटिव जीनियस 2.0, वेस्ट टू वर्थ, ब्रिज बिल्डर बोनान्ज़ा, एआई और हेल्थकेयर, फ्री फायर गेमिंग चैलेंज, संकाय सदस्यों द्वारा टेड टॉक, और कई अन्य, जिनमें इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन, उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र शामिल थे।

समापन समारोह की अध्यक्षता यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) बिस्वजय चटर्जी ने की, जिन्होंने टेकयूटोपिया 2025 को सफल बनाने में छात्रों, संकाय सदस्यों और आयोजन टीम के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की।

# जयपुर में राज्य स्तरीय संगोष्ठी 'राजपल्मोकॉन 2025' संपन्न

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान स्टेट चैप्टर ऑफ इंडियन चेस्ट सोसाइटी (आईसीएस) और एनसीसीपी के संयुक्त तत्वावधान में संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल (एसडीएमएच) के श्वास रोग विभाग द्वारा जयपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी 'राजपल्मोकॉन 2025' हाल ही में संपन्न हुई। इस सम्मेलन में देश और प्रदेश के 400 से अधिक पल्मोनोलॉजिस्ट एवं चिकित्सकों ने भाग लिया।

उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि और एसडीएमएच, ट्रस्टी, निर्मला दुर्लभजी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रदूषण व बदलती जीवनशैली के कारण तेजी से बढ़ते श्वास रोग पर प्रकाश डाला। कहा ऐसे सम्मेलनों से चिकित्सकों को नई जानकारी और शोध का लाभ मिलता है, जिससे आमजन को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सकता है। योगेन्द्र दुर्लभजी, सचिव ट्रस्ट ने कहा कि यह कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां साझा हुआ ज्ञान भविष्य की चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा देगा। आयोजन अध्यक्ष डॉ. एम. एल. गुप्ता और आयोजन सचिव डॉ. संजय सोगानी ने बताया कि सम्मेलन का आरंभ एसडीएमएच ऑडिटोरियम में इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी वर्कशॉप से हुआ, जिसमें आधुनिक फेफड़ों की जाँच पद्धतियों व निदान पर प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्कशॉप में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन के दूसरे व तीसरे दिन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी), जयपुर में वैज्ञानिक सत्र आयोजित हुए। इनमें अस्थमा, सीओपीडी, आईएलडी, क्षयरोग, फेफड़ों का कैंसर, पल्मोनरी हाइपरटेंशन और लंग ट्रांसप्लांटेशन जैसे विषयों पर देशभर के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। डॉ. एस.एन. गौड़ ओरेशन में वायु प्रदूषण को सबसे बड़ा खतरा बताया।

# जे.डी.ए. प्रशासन आज से एक माह तक लगाएगा शहरी सेवा शिविर : आनंदी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक "सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहरी सेवा शिविर लगाए जाएंगे। आयुक्त आनंदी ने बताया कि जेडीए द्वारा ये शिविर अनुमोदित योजनाओं-कॉलोनियों की जन समस्याओं के निराकरण और जेडीए की विभिन्न सेवाओं की समयबद्ध अदायगी के लिए लगाए जा रहे है।

- **इन शिविरों में अनुमोदित योजनाओं के पट्टे, उप विभाजन-पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र तथा भवन निर्माण स्वीकृति के प्रकरणों के निस्तारण का कार्य किए जाएंगे**
- **इसके साथ ही लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे जारी करने, ओ.एफ.सी., मोबाइल टावर, एन.ओ.सी. और रोड कट जैसी अनुमतियां प्रदान करने जैसे काम होंगे।**

इन शिविरों में अनुमोदित योजनाओं के पट्टे, उप विभाजन-पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र तथा भवन निर्माण स्वीकृति के प्रकरणों के निस्तारण का कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टे जारी करने, ओ.एफ.सी., मोबाइल टावर, एन.ओ.सी. और रोड कट जैसी अनुमतियां प्रदान करने जैसे काम होंगे। शिविर 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक, सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक जोन के लिए तिथियाँ अलग-अलग निर्धारित की गई हैं, जिससे सभी नागरिक अपनी सुविधानुसार शिविर का लाभ उठा सकेंगे। जेडीए के नागरिक सेवा केन्द्र में जोन 1, 2, 4, 9, 10 में क्रमशः 17 से 20 सितंबर तक लगाए जाएंगे। इसी प्रकार जोन 3, 7, 8, 11, 13 व 14 के कैंप 23 से 26 सितंबर तक लगेंगे। जोन 5, 6 व 12 का शिविर 1,3,6 व 7 अक्टूबर को लगेगा। जोन पीआरएन (उत्तर) के कैंप 8 से 10 अक्टूबर तक जोन कार्यालय चित्रकूट जयपुर में लगेगा। जोन पीआरएन (दक्षिण) के कैंप 14 से 17 अक्टूबर तक जोन कार्यालय पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर में लगेगा।

शिविर के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का निपटारा शिविर के दिनों में ही करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर से पहले प्री कैम्प की अवधि में 4 से 16 सितंबर तक प्राधिकरण के जोन कार्यालयों में भी आवेदन लिए जा रहे हैं, जिनका निस्तारण मुख्य कैम्प के दौरान ही किया जाएगा।

साथ ही नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज द्वारा वार्डों में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक लगाए जाने वाले शिविरों में भी जेडीए के संबंधित जोन के इंजीनियर मौजूद रहेंगे, जो जेडीए क्षेत्राधिकार की अनुमोदित योजनाओं की सड़क मरम्मत, सीवर, स्ट्रीट लाइट, नाली मरम्मत आदि आदि की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे। इसके जेडीए के समाधान मोबाइल एप का भी प्रयोग किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के लिए जेडीए अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) प्रिया बलराम शर्मा को नोडल अधिकारी एवं संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजमेंट) सुभाष चंद बोहरा को सह-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सार-समाचार

### मॉडल टाउन में बंदरों का उत्पात



**जयपुर** । राजधानी के जगतपुरा रोड स्थित मॉडल टाउन की विभिन्न कॉलोनियों में बंदरों का उत्पात दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। बंदर बच्चों और राहगीरों को काटने सहित छत पर सूख रहे कपडों को फाडने, पानी की टंकिया तोड़ने, पेड़-पौधों के गमलों आदि का नुकसान कर रहे हैं। स्थानीय वाशिंदों का कहना है बंदरों के बड़ी संख्यां में झुण्ड के झुण्ड प्रतिदिन सवेरे और शाम को विचरण कर घरों में रखे छोटे-छोटे पौधों को नष्ट कर रहे हैं और खाद्य पदार्थों को भी बर्बाद कर देते हैं। स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थी और घर के आंगन में खेल रहे मासूम बच्चे भी बंदरों के हमले से सुरक्षित नहीं हैं। झालाना के जंगलों से आ रहे ये बंदर गलियों और छतों पर झुंड में घूमते हैं। बच्चों से खाने-पीने की चीजें छीन लेते हैं। महिलाओं पर हमला करते हैं। कई बच्चे और बुजुर्ग पहले ही इनके हमलों का शिकार हो चुके हैं। बंदरों के अचानक झपट्टा मारने से लोग भयभीत हैं।

### इटर्नल हॉस्पिटल का इंटरैक्टिव सैशन



**जयपुर** । इटर्नल हॉस्पिटल और सेंटवेव ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशेष इंटरैक्टिव सैशन में डॉ. हर्ष उदवात, डायरेक्टर और एचओडी गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग और डॉ. संदीप नुनिया, सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजी विभाग ने अपने विषयों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. हर्ष उदवात ने बताया कि पाचन तंत्र की समस्याएं जैसे कि पेट में दर्द, गैस, एसिडिटी और पेट के अंदर सूजन का इलाज समय रहते किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित भोजन, व्यायाम और तनाव प्रबंधन से पाचन तंत्र की समस्याओं को रोका जा सकता है। डॉ. संदीप नुनिया ने बताया कि यूरोलॉजी से संबंधित समस्याएं जैसे कि यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन, किडनी स्टोन और प्रोस्टेट समस्याएं का इलाज समय रहते किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच और सही इलाज से इन समस्याओं को रोका जा सकता है। इस इंटरैक्टिव सेशन में उपस्थित अतिथियों और श्रोताओं ने प्रश्न पूछे जिनका समाधान विशेषज्ञों ने किया। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष शिवाली गुप्ता ने बताया कि इस तरीके के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संस्था के द्वारा लगातार ही किया जाता रहा है। इस जागरूकता कार्यक्रम में विक्रम शर्मा, सागर जांगिड़, कमलनयन खंडेलवाल, नीरू शर्मा ,ऊषा भंडारी ,कमलेश सोनी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।कार्यक्रम का मंच संचालन सोनल माथुर ने किया। कार्यक्रम में सेंटवेव ऑर्गनाइजेशन और इटर्नल हॉस्पिटल के पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

### "दिल से-फिर एक बार" का फिनाले आज

**जयपुर** । जयपुर के पहले विंटेज किंग और विंटेज क्वीन का चयन 17 सितम्बर को होने वाले 'दिल से-फिर एक बार' संगीत प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में होगा। इस अनूठे मुकाबले में 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र के गायक कलाकार ही हिस्सा ले रहे है। इसका आयोजन सुपर 60 क्लब की ओर से देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल के सहयोग से किया जा रहा है। फिनाले विद्याश्रम स्कूल परिसर स्थित महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शाम छः बजे से होगा। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित चार विभूतियाँ शाकिर अली, उस्ताद मोईनुद्दीन खान, मुन्ना मास्टर और बतूल बेगम शिरकत करेंगी। अन्य अथितियों में श्री राजेंद्र बोड़ा, अनिल बजाज, शिव कुमार बाकोलिया और आयुष कल्ला शामिल है। देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक सरिता द्विवेदी ने बताया कि पुरुष और महिला वर्ग में पहले और दुसरे रनर अप का ख़िताब भी दिया जाएगा। विजेताओं को सैश, क्राउन, पुरस्कार और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। फिनाले में जगह बनाने वाले अन्य प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। ऑडिशन राउंड और सेमिफाइनल में कामयाबी हासिल कर फिनाले में जो गायक-गायिकाएं अपना भाग्य आजमा रहे हैं वे हैं - राजकुमार लोटा, मन मोहन सिंह रावत, राजीव सक्सेना, संगीता कपूर, अरविन्द अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, टी.जी. राजन, शशि परनामी, गिरिराज सिंह, डॉ शरद निमावत, मीनू ताहीन और अन्ना अशोक।

# ओसवाल सोप ग्रुप के लक्की ड्रा में विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**जयपुर** । ओसवाल सोप ग्रुप की ओर से 'ओसवाल सोप ग्रुप का लक्की ड्रा 2024-25' का भव्य आयोजन जयपुर के आगरा रोड, रिंग रोड प्रोजेक्ट के पास स्थित बगराना स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी राजेन्द्र किशन, विशिष्ट अतिथि के रूप में आयकर विशेषज्ञ डॉ. सीए विजय गोयल तथा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित उद्योगपति रामबाबू सर्राफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ओसवाल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर्स देवेन्द्र कुमार जैन और सुरेन्द्र कुमार जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार कर किया। इस अवसर पर लक्की ड्रा 2025 का परिणाम पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से, मोबाइल एप





के माध्यम से निकाला गया।

इस वर्ष के लक्की ड्रा में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक कार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 मोटरसाइकिलें तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 30 स्प्लिट एसी सहित कुल 25,001 पुरस्कार वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि राजेन्द्र किशन ने कहा कि उनका ओसवाल ग्रुप से आत्मीय संबंध रहा है और वे सदैव

- **विजेताओं को कार, बाइक, एयर कंडीशनर समेत 25001 पुरस्कार बांटे**

इसकी सादगी और सिद्धान्तों से प्रभावित रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए टैक्स के स्थान पर 'अनुदान' शब्द को बढ़ावा देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. सीए विजय गोयल ने कहा कि निष्ठा, मेहनत और सेवा का भाव हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। विशेष आमंत्रित अतिथि रामबाबू सर्राफ ने ओसवाल ग्रुप की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज 'ओसवाल' नाम गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय बन चुका है।

एमडी अजय जैन ने कहा कि इस लक्की ड्रा का उद्देश्य सभी रिटेलरों व व्यापारिक बंधुओं को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में अधिकतम कूपन वितरण हेतु प्रेरित करना था। इस पहल को रिटेलरों द्वारा खूब सराहा गया।

कार्यक्रम के अंत में एमडी देवेन्द्र कुमार जैन और सुरेन्द्र कुमार जैन ने सभी अतिथियों और व्यापारिक सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमडी अजय जैन का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया और सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि ओसवाल सोप ग्रुप राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में सफलतापूर्वक अपना व्यवसाय कर रहा है और गुणवत्ता व सेवा के लिए जाना जाता है।

# बी.एस.एन.एल. में विचार गोष्ठी

**जयपुर** । राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने एवं रोजमर्रा के सरकारी कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने की दृष्टि से बीएसएनएल के जयपुर स्थित सभी कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़ा संयुक्त रूप से कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर में 29 सितंबर तक मनाया जायेगा। इस कड़ी में मंगलवार को कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर के सभागार में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता कृष्णकान्त पाठक, आईएएस, शासन सचिव कार्मिक विभाग थे। विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर प्रबोध गोविल, पूर्व निदेशक, संचार एवं पत्रकारिता, ज्योति विद्यापीठ, महिला विश्वविद्यालय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्रम मालवीय, मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल ने की।

# जापान की प्रगति से सीख लेकर विकसित भारत के लिए काम करें : हरिभाऊ बागड़े

## शिक्षा ऐसी हो, जिसमें सभी प्रश्नों का उत्तर मिले; नई पीढ़ी को प्राचीन भारतीय ज्ञान से जोड़ें : राज्यपाल

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान परमाणु बम गिराया गया। इसके बावजूद उसने अपने आपको संभाला ही नहीं बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने जापान की प्रगति से सीख लेते हुए युवाओं को राष्ट्र प्रगति के लिए कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा देश को गुलाम बनाने, गुरुकुल विद्या पद्धित समाप्त कर मैकाले द्वारा अंग्रेजी शिक्षा पद्धित को लागू करने से हुए नुकसान की चर्चा करते हुए कहा कि देश की नई शिक्षा नीति राष्ट्र को विकास पथ पर आगे ले जाने वाली है। उन्होंने बांसवाड़ा की वीरांगना कालीबाई की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे गौरवमय चरित्रों से सीख लें। उन्होंने विद्यार्थियों को एकाग्रता और अभ्यास से अपने को निखारने पर जोर दिया। उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति के आलोक में नवाचार अपनाते हुए युवाओं को विकसित भारत में भागीदारी किए जाने का आव्हान किया।

राज्यपाल बागडे मंगलवार को इंडिया-जापान इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 'बायकॉन-2025' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बियानी कॉलेज में ग्लोबल लैंग्वेज लेब का भी शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यह शक्ति यदि उच्च शिक्षा से भारत



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

को आगे बढ़ाने में लगे तो वैश्विक सहयोग से राष्ट्र विकास के लिए तेजी से कार्य होगा। उन्होंने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी ने भाषाओं को दुरूहता को समाप्त कर दिया है। ऐसे समय में वैश्विक भाषा की समझ से जुड़ी ग्लोबल लैंग्वेज लैब जापानी भाषा एवं अन्य विदेशी भाषाओं को सीखना आसान करेगी।

राज्यपाल ने मुंबई में तलपड़े बंधु द्वारा मानवरहित, हवा से भारी विमान का निर्माण करने और इसे मुंबई के चौपाटी बीच के ऊपर उडाने की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में हुए इस आविष्कार का श्रेय राइट बंधुओं को मिला। उन्होंने कहा कि गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत भारत की देन है पर इसे न्यूटन का आविष्कार बताया जाता है।उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान से नई पीढ़ी को जोड़े जाने का आ ान करते हुए कहा कि इसी से हम अपने स्व को जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व की बड़ी से बड़ी कम्पनियों में अस्सी प्रतिशत से अधिक दक्ष भारतीय मूल के हैं।

उन्होंने शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान के अधिकाधिक प्रयास किए जाने का आव्हान किया है। उन्होंने जापान को अग्रणी देश बताया पर कहा कि वहाँ युवाओं का प्रतिनिधित्व कम है। भारत में अधिक युवा आबादी है। दोनों देशों के बीच शैक्षिणक, पेशेवर और सांस्कृतिक सहयोग से राष्ट्र तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने देश में डिजिटल क्रांति, नीतिगत सुधारों और वैश्विक एकीकरण से शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में विकास किए जाने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने कहा कि देश में इस समय 1 हजार 362 विश्वविद्यालय है। देश में 2020 में 42 हजार 343 कॉलेज थी जो आज बढ़कर 52 हजार 538 हो गए है। उन्होंने कहा कि सरकारी के साथ साथ निजी कॉलेज उद्योगों के साथ समन्वय कर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्य करे।

# जेडीए ने पी.एस.जे.ज्वैलर्स की पांच मंजिला बिल्डिंग सीज की

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने वैशाली नगर स्थित गांधी पथ पर पी.एस.जे. ज्वैलर्स की पांच मंजिला बिल्डिंग को सीज कर दिया।

उप महानिरीक्षण पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि गांधी पथ चित्रकूट सेक्टर नंबर-2 के भूखण्ड संख्या 2/11 में पी.एस.जे. ज्वैलर्स द्वारा गंभीर सेटबैक का उल्लंघन कर 5 मंजिला व्यवसायिक इमारत बनायी जा रही थी। निर्माणकर्ता सरदारशहर चूरू निवासी राजेश सोनी को जे.डी.ए. प्रशासन ने पिछले दिनों नोटिस भी थमाया था, परंतु उसने अवैध निर्माण कार्य बंद नहीं किया। इस पर जे.डी.ए. ने निर्माणकर्ता को धारा 32-33 के नोटिस थमाया, परंतु इसके बावजूद भी उसने निर्माण कार्य जारी रखा। इस पर जेडीए प्रशासन ने मंगलवार को पूरी बिल्डिंग सीज कर दी।

इसी प्रकार जोन-12 स्थित ग्राम दहमीकलां बगरू ऑफिसर्स कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 42 में भी 4 मंजिला हॉस्टल का अवैध निर्माण किया जा रहा था। नोटिस देने के बावजूद भी निर्माणकर्ता ने मनमानी से कार्य जारी रखा, इस पर इस इमारत को भी पुख्ता सील कर दिया।

बगरू स्थित ग्राम दहमीकलां में करीब 3 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना भू-रूपान्तरण अवैध कॉलोनी

- **बगरू के दहमीकलां में भी चार मंजिला अवैध हॉस्टल को सीज किया**
- **जगतपुरा क्षेत्र में सड़क सीमा से हटाए अवैध अतिक्रमण**

'7-आरजी" बसाई जा रही थी, जिसे जेडीए टीम ने ध्वस्त किया।

जोन-14 स्थित ग्राम वाटिका में खसरा नं. 1976 में करीब 2 बीघा कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को भी खुर्द-बुर्द किया। ग्राम पुरूषोत्तमपुरा उर्फ दादियां, जिला जयपुर के खसरा नं. 84, 85, 86 व 93 में करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी भी ध्वस्त की। ग्राम शिकारपुरा से जसवालों की ढाणी जाने वाली 30 फीट रोड सीमा पर अतिक्रमण कर बनाई गई बाउण्ड्रीवाल और लेटबाथ को ध्वस्त किया। इसी प्रकार जगतपुरा 7 नं. बस स्टेण्ड से एस.के.आई.टी. रोड, सी.बी.आई. फाटक से महल रोड, एन.आर.आई. चौराहा तक दोनों तरफ सड़क सीमा में अस्थाई अतिक्रमण कर लगाये गये थड़ी-ठेले, बांस-तम्बू, तिरपाल, झुग्गी-झोपडी, टेबल, कुर्सियां, होर्डिंग व साईन बोर्ड को हटाया।